**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी भोपाल**

दिनांक : 10.08.2025 समय : 07.10 चउ

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बेंगलुरू में तीन वंदे भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रायसेन जिले के उमरिया में ब्रह्मा–रेल परियोजना की रखी आधारशिला।
- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव कल भोपाल में पर्यावरण से समन्वय विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का करेंगे शुभारंभ।
- राजधानी भोपाल सहित 10 जिलों में तेज बारिश की संभावना।

**अब समाचार विस्तार से:–**

**प्रधानमंत्री–बेंगलुरु**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों के सक्रिय सहयोग से भारत को 2047 तक विकसित बनाने के अपनी सरकार के इरादे को स्पष्ट किया है। आज बेंगलुरु में नम्मा मेट्रो के तीसरे चरण के उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में उन्होंने विकास की ओर भारत की यात्रा के लिए स्थापित मानदंडों का उल्ले्ख किया।

**बाइट– प्रधानमंत्री**

श्री मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में भी तेज़ी देखी जा रही है क्योंकि चार करोड़ घर आवंटित किए जा चुके हैं तथा तीन करोड़ और घर बनने वाले हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि बेंगलुरु जैसे शहर, जो तकनीक के केंद्र हैं, मेट्रो रेल से लाभान्वित होंगे और इससे बुनियादी ढाँचे और गतिशीलता में सुधार होगा।

**रेल कोच फैक्ट्री–भूमिपूजन**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज रायसेन जिले के उमरिया में 18 सौ करोड़ रुपये की लागत वाली बीईएमएल रेल हब निर्माण परियोजना की आधारशिला रखी। रेल कोच निर्माण के इस संयंत्र की स्थापना 60 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर की जाएगी। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने कहा कि इस इकाई का नाम भारतीय परंपरा के निर्माता के नाम पर 'ब्रह्मा' रखा गया है और भारत में हाई–स्पीड ट्रेनें यहीं निर्मित कोचों से सुसज्जित होंगी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से भाग लिया। श्री वैष्णव ने कहा कि.

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि न सिर्फ राजधानी क्षेत्र बल्कि प्रदेश के विकास को गति देने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने वाली इस महत्वाकांक्षी परियोजना से औद्योगिक क्षेत्र मंडीदीप भी लाभान्वित होगा। इससे पांच हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है।

**बाइट–मुख्यमंत्री**

**प्रधानमंत्री – सांसद फ्लैट**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में बाबा खड़क सिंह मार्ग पर सांसदों के लिए नवनिर्मित 184 टाइप–7 बहुमंजिला फ्लैटों का उद्‌घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवासीय परिसर में सिंदूर का एक पौधा भी लगाएंगे, श्रमजीवियों से बातचीत करेंगे और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि प्रत्येक आवासीय इकाई में लगभग पांच हज़ार वर्ग फुट क्षेत्र है, जो आवासीय और आधिकारिक दोनों प्रकार के कार्यों के लिए पर्याप्त जगह प्रदान करता है। कार्यालयों, कर्मचारियों के आवास और एक सामुदायिक केंद्र के लिए समर्पित क्षेत्रों को शामिल करने से सांसदों को जनप्रतिनिधि के रूप में अपनी ज़िम्मेदारियों को पूरा करने में सहायता मिलेगी।

**संगोष्ठी–सह प्रशिक्षण कार्यशाला**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लोक निर्माण विभाग के ध्येय "लोक निर्माण से लोक कल्याण" को साकार करने की दिशा में कल भोपाल के रवींद्र भवन में आयोजित 'पर्यावरण से समन्वय' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी–सह प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे।

संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य अभियंताओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति अधिक संवेदनशील बनाना और उनकी तकनीकी दक्षता को बढ़ाना है। इस दौरान भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष उपयोग एवं भू–सूचना विज्ञान संस्थान, गांधीनगर के विशेषज्ञ पीएम गतिशक्ति योजना के अंतर्गत डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट निर्माण और जीआईएस पोर्टल पर सड़कों व पुलों की भौगोलिक मैपिंग पर विशेष प्रशिक्षण देंगे। इस तकनीकी ज्ञान से विभागीय परियोजनाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता और प्रभावशीलता में और वृद्धि होगी।

**भुजरिया पर्व**

प्रदेशभर में आज भुजरिया पर्व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर महिलाएं जलासयों में भुजरिया पानी में सीराती हैं और फिर लोग एक दूसरे को भुजरिया देकर भुजरिया पर्व की शुभकामनाएं देते हैं। भुजरिया पर्व के अवसर पर भोपाल में चल समारोह भी निकाला जाता है। गुना जिले में इस दौरान भुल्लनपुरा स्थित भुजरिया तालाब पर भुजरियों के विसर्जन के बाद यह पर्व मनाया जाएगा। शिवपुरी जिले में भी भुजरिया पर्व मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान शिवपुरी के प्रसिद्ध सिद्धेश्वर मंदिर के सामने स्थित भुजरिया तालाब पर यह मेला भरा इसमें

बड़ी संख्या में लोग जुटे। सीहोर जिले में भुजरिया पर्व के अवसर पर लोगों ने एक–दूसरे को भुजरिया देकर बधाई और शुभकामनाएं दीं। भुजरिया–कजलियां पर्व प्रकृति की गोद में पले लोक–संस्कारों, पारंपरिक आस्था और सामूहिक उत्साह का प्रतीक है। अशोक नगर जिले में भी भुजरिया का त्योहार परंपरागत हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। तुलसी सरोवर तालाब पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल लगाया गया है।

**मौसम**

मौसम विभाग ने आज भोपाल, नर्मदापुरम, हरदा और बैतूल सहित 10 जिलो में तेज बारिश की संभावना जताई हैं। श्योपुर, मुरैना, पन्ना, सिवनी, बालाघाट सहित 15 जिलों के लिये येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में टर्फ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिविटी होने से 13 अगस्त से प्रदेश में तेज बारिश का दौर शुरू होगा। खंडवा तहसील में पिछले चौबीस घंटे मे 14 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि फसल बीमा योजना के किसान भाईयों के खातों में कल 1156 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की जाएगी।
- केंद्रीय राज्यमंत्री एवं धार महू लोकसभा क्षेत्र सांसद सावित्री ठाकुर द्वारा आयोजित एक राष्ट्र एक चुनाव के तहत राष्ट्रव्यापी विचार एवं परामर्श सम्मलेन आज विक्रम सभागृह आडिटोरियम पीजी कॉलेज धार में आयोजित किया गया।
- शहडोल जिले में 2 से 15 अगस्त तक राष्ट्रव्यापी हर घर तिरंगा अभियान उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। शासकीय ज्ञानोदय बिचारपुर के विद्यार्थियों द्वारा बैंड बाजे के साथ तिरंगा यात्रा निकाली।
- रतलाम जिले में स्वाधीनता दिवस के मौके पर भारतीय जनता पार्टी हर घर तिरंगा अभियान के तहत् विविध आयोजन कर रही है। इस वर्ष भी अभियान मे कई तिरंगा यात्राएं निकाली जायेगी।
- शहडोल जिले में एक बगिया मां के नाम अभियान के तहत 15 अगस्त से 15 सितम्बर की बीच पौधारोपण किया जाएगा। इस अभियान के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े स्व सहायता समूह की पात्र महिलाओं को उद्यानिकी पौधारोपण कर आर्थिक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है।
- तमिलनाडु के महाबलीपुरम में एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप की ओपन पुरूष श्रेणी में रमेश बुढियाल कांस्य पदक जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं।

———————